संतों की वाणी

_(बहुविकल्पीय प्रश्न)

1."मीरा मगन भई हरि के गुण गाए" पद किसके द्वारा रचित है?

क) मीराबाई

ख) महादेवी

ग) सुमित्रानंदन पंत

घ) कबीर दास

2. मीराबाई किस काम में मग्न रहा करती थी?

क)अपनी ससुराल के घरेलू कामों में

ख) राजपाट चलाने में

ग) कृष्ण के भजन कीर्तन में

घ)अपने बच्चे की पालन पोषण में

3) मीराबाई को कौन मारने की कोशिश की थी?

क) मीरा की बहन

ख) मीरा के पिताजी

ग) राणा ने

घ) मीरा की सखी ने

4. राणा ने पिटारी में भरकर अपने सिपाहियों के हाथ मीरा के लिए क्या भेजा?

क) सालिग्राम

ख) कृष्ण की मूर्ति

ग) विषधर सांप

घ) सुगंधित फूल

5. राणा द्वारा भेजी गई पिटारी को नहा धोकर मीरा जब खोली तो उसने क्या पाया?

क) सालिग्राम

ख) कृष्ण की मूर्ति

ग) सुगंधित फूल

घ) विषधर सांप

6) मीराबाई नहा धोकर आचमन कर क्या पीने लगी?

क) चरणामृत

ख) फलों का रस

ग) दूध

घ)ज़हर

7) राणा द्वारा भेजी गई “कांटो के सेज़” पर सोने के पश्चात मीरा को कैसा प्रतीत होने लगा?

क) अत्यधिक चुभन का दर्द

ख) अत्यधिक गरम महसूस होने लगा

ग) अत्यधिक ठंड महसूस होने लगा

घ) फूल महसूस होने लगा

8) बालक कृष्ण ने अपनी सखाओं के साथ क्या खेल रहे थे?

क) गिल्ली डंडा

ख) छुपा छुपी

ग) गेंद

घ) भागम दौड़

9) बालक कृष्ण खेल-खेल में अपनी सखाओं को कहां लेकर गए?

क) अपनी कुटिया में

ख) जंगल में

ग)गायों को चराने

घ) यमुना के तट पर

10) “खेलत स्याम सखा लिए संग” पद की रचयिता कौन है?

क) कबीर दास

ख) सूरदास

ग) रहीम दास

घ) मीराबाई

11) सूरदास की अनन्य भक्ति किसके प्रति था?

क) कृष्ण के प्रति

ख) अपने राजा के प्रति

ग) अपनी मां की प्रति

घ) राज्य माता के प्रति

12) सूरदास और मीराबाई किसकी उपासना करते थे?

क) शिव की

ख) कृष्ण की

ग) विष्णु की

घ) माता दुर्गा की

13) कृष्ण की न्यारी लीलाओं का वर्णन किसने किया है?

क) सूरदास जी

ख) कबीर दास ने

ग) मीराबाई ने

घ) “क” और ‘ग’ सही है

14. सालिग्राम क्या है?

क)सोने का धातु

ख) चांदी

ग) एक पवित्र पत्थर

घ)पीतल का धातु

15. हर प्रकार की विपत्तियों से मीराबाई की रक्षा कौन करते थे?

क) राणा

ख) मीराबाई के पिता

ग) मीराबाई के आराध्य देव कृष्ण

घ) मीराबाई के पति